# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल

पत्रांकः केयू/आर0ओ0/2022–23/268. दिनांक 2/11/2022

सेवा में,

1. समस्त संकायाध्यक्ष, कु0वि0वि0 नैनीताल।
2. समस्त प्राचार्य/निदेशक,
   राजकीय महाविद्यालय/निजी संस्थान–सम्बद्ध कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
3. समस्त विभागाध्यक्ष, डी0एस0बी0परिसर, नैनीताल/सर जे0सी0बोस तकनीकी परिसर, भीमताल।
4. सहायक परीक्षा नियंत्रक/उप परीक्षा नियंत्रक/मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (गोपनीय) कु0वि0वि0 नैनीताल।

महोदय,

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 एवं सत्र 2022–23 से विश्वविद्यालय की समस्त परीक्षाओं के आयोजन हेतु माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में दिनांक 29/10/2022 को अपरान्ह 3.00 बजे विश्वविद्यालय सभागार में सम्पन्न बैठक की कार्यवाही की प्रति आपके संज्ञानार्थ एवं तदनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करवायें जाने हेतु प्रेषित की जा रही है।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय,

( दिनेश चन्द्रा )
कुलसचिव

प्रतिलिपि–

1. निजी सचिव–कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. श्री के0के0पाण्डे, प्रभारी, ईआरपी, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल को संलग्न बैठक की कार्यवाही विश्वविद्यालय वैवसाइट में अपलोड हेतु।

( दिनेश चन्द्रा )
कुलसचिव

# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 एवं सत्र 2022–23 से विश्वविद्यालय की समस्त परीक्षाओं के आयोजन हेतु माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में दिनांक 29/10/2022 को अपरान्ह् 3.00 बजे विश्वविद्यालय सभागार में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों ने प्रतिभाग किया–

1. प्रो0एल0एम0 जोशी, परिसर निदेशक
2. प्रो0 ए0बी0मेलकानी, संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय
3. प्रो0 अतुल जोशी, संकायाध्यक्ष, वाणिज्य संकाय
4. प्रो0 एम0एस0 मावड़ी, संकायाध्यक्ष, दृश्यकला संकाय
5. प्रो0 संजय पंत, विभागाध्यक्ष, भौतिक विज्ञान विभाग
6. प्रो0 आर0सी0जोशी, विभागाध्यक्ष, भूगोल विभाग
7. प्रो0 पी0एस0बिष्ट, अर्थशास्त्र विभाग
8. प्रो0 एल0के0सिंह, संकायाध्यक्ष, प्रबन्ध अध्ययन संकाय
9. श्री दिनेश चन्द्रा, कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक
10. डॉ0 छवि आर्या, गृह विज्ञान विभाग

**बैठक की कार्यवाही–**

सर्वप्रथम मा0 कुलपति जी द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाऐं दी गयी। तदोपरांत राष्ट्रीय शिक्षा नीति –2020 के अनुरूप वर्तमान सत्र से स्नातक प्रथम सेमेस्टर की समस्त मेजर/माइनर परीक्षाओं के साथ सत्र 2022–23 से समस्त परीक्षाऐं संचालित किये जाने के क्रम में सम्यक् विचारोपरांत निम्नलिखित निर्णय लिये गये–

1. विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से आच्छादित पाठ्यक्रमों यथा बी0ए0/बी0एस–सी0/बी0कॉम0 प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं हेतु परीक्षा आवेदन पत्र 05 नवम्बर, 2022 से आमंत्रित करवाये जाने का निर्णय लिया गया। परीक्षा आवेदन पत्र भरने से पूर्व विद्यार्थियों को भारत सरकार की वैबसाईट www.abc.gov.in के माध्यम से ए0बी0सी0 (Academic Bank of Credits) आई0डी0 अनिवार्य रूप से बनाई जानी अनिवार्य होगी।

2. विद्यार्थियों द्वारा अपने परीक्षा आवेदन पत्र में अपनी ABC – ID अंकित किया जाना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में परीक्षार्थी द्वारा अपना परीक्षा आवेदन पत्र नहीं भरा जा सकेगा।

3. स्नातक प्रथम सेमेस्टर की समस्त मेजर/माइनर परीक्षाओं का आयोजन दिसम्बर प्रथम सप्ताह से संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया। परीक्षाओं से पूर्व सम्बन्धित पाठ्यक्रमों के समस्त आन्तरिक मूल्यांकन पूर्ण कर उनके अंक विश्वविद्यालय के ऑनलाईन पोर्टल पर अंकित किया जाने अनिवार्य होंगे।

4. विश्वविद्यालय के परिसरों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित व्यवसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा संचालित किये जाने के दृष्टिगत, परीक्षाओं के प्रश्नपत्र एवं परीक्षा संचालन हेतु संकायाध्यक्षों की समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। गठित समिति शीघ्र बैठक आहूत कर इस सम्बन्ध में अपनी संस्तुति विश्वविद्यालय को प्रस्तुत करेगी।

5. Co-Curricular- ( सह पाठ्यक्रम ) की परीक्षा OMR पर आधारित होगी तथा बहुविकल्पीय MCQ के अन्तर्गत 100 प्रश्न होंगे एवं परीक्षा की समयावधि 02 घण्टा होगी।

6. वाणिज्य विषय में परीक्षकों द्वारा सैद्वान्तिक (Theoretical) एवं अंकात्मक (Numerical) प्रश्नपत्र तैयार किये जायेंगे जिसमें अंकात्मक (Numerical) प्रश्न 60 प्रतिशत होंगे। भाग–क के लघु उत्तरीय प्रश्नों के निर्माण में 08 प्रश्नों में से न्यूनतम 05 प्रश्नपत्र अनिवार्य रूप से अंकात्मक प्रकृति के होंगे तथा भाग–ख के दीर्घ उत्तरीय 05 प्रश्नों में से न्यूनतम 03 प्रश्न अनिवार्य रूप से अंकात्मक प्रकृति के होंगे तथा अन्य शेष प्रश्न सैद्वान्तिक प्रकृति के होंगे।

7. बी0ए0 / बी0एस–सी0 / बी0कॉम0 परीक्षा में MCQ (Multiple Choice Question) के सम्बन्ध में विभिन्न छात्र प्रतिनिधियों द्वारा विश्वविद्यालय को प्रस्तुत प्रत्यावेदन के कम में गठित समिति की संस्तुति पर MCQ की व्यवस्था वर्तमान सत्र से प्रारम्भ करना सम्भव नहीं है। गत वर्षो की भॉति ही प्रश्नपत्र व्यवस्था रखी जायेगी जिसमें निम्नवत आंशिक संशोधन किये जाने का निर्णय लिया गया–

प्रश्नपत्र दो खंडों कमशः (अ) एवं (ब) में विभक्त होगा जिनमें –

(अ)Short Answer Question- ( लघु उतरीय प्रश्न) के अन्तर्गत 08 प्रश्न पूछे जायेंगे, जिसमें परीक्षार्थी को किन्हीं 05 प्रश्नों के उत्तर देंने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 06 अंको का होगा।

(ब)Long Answer Qeuestion - ( दीर्घ उतरीय प्रश्न) के अन्तर्गत 05 प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनसे परीक्षार्थी को किन्ही 03 प्रश्नों के उत्तर लिखने होंगे, प्रत्येक प्रश्न 15 अंको का होगा। परीक्षा अवधि 02 घण्टे के स्थान पर 03 धण्टे निर्धारित की जाती है।

यह व्यवस्था राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 एवं वर्तमान सत्र 2022–23 से समस्त परीक्षाओ हेतु लागू की जायेगी।

बैठक धन्यवाद ज्ञापित कर सम्पन्न हुई।

( दिनेश चन्द्रा )
कुलसचिव